आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

03.10.2023 समय : 1850

- अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि द्वीपों में कमान की क्षमताओं के विकास पर ज़ोर दिया जा रहा है।
- आठ अक्तूबर को अंडमान निकोबार कमान के स्थापना दिवस से एक दिन पहले एयर शो आयोजित होगा।
- पोर्ट ब्लेयर में नौ से लेकर उन्नीस अक्तूबर तक कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट कोर्ट लगेगी।
- हटबे के नेताजी नगर में चुनाव और शहीद द्वीप की नील केन्द्र पंचायत में उप–चुनाव को देखते हुए क्षेत्र में पन्द्रह और सत्रह अक्तूबर को ड्राई डे घोषित किया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के तेईसवें स्थापना दिवस से पूर्व आज कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने पोर्ट ब्लेयर में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि द्वीपों में कमान की क्षमताओं के विकास पर ज़ोर दिया जा रहा है। द्वीपसमूह में जेट्टी और हवाई पट्टियों के विस्तार का कार्य जारी है और जल्द ही इसके नतीजे देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हितों और द्वीपवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बिना किसी प्रतिबंध के संचालन क्षमताओं को भी बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि तेईसवें स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सात अक्तूबर को पोर्ट ब्लेयर और कार निकोबार में होने वाला एयर शो इसका मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। छः तारीख को फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। इस एयर शो के दौरान लोगों को कमान द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हवाई जहाजों को देखने का मौका मिलेगा। एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि अंगदान को एक राष्ट्रीय अभियान की तरह आगे बढ़ाना चाहिए। लोगों को अंगदान को लेकर जागरूक करने की आवश्यकता है। कमान में इसे लेकर पहल शुरू की गई है।

नौसेना के कमांडर कोमोडोर प्रशांत हांडू ने बताया कि कमान में नौसेना के अग्निवीर के पहले बैच का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। इनमें दस अग्निवीर द्वीपसमूह से भी है, जिनमें महिलाएं भी शामिल है। सेना के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल गुप्ता ने कहा कि दिसम्बर में कमान की इन्फेन्ट्री ब्रिगेड में भर्ती के लिए रैली आयोजित होगी। टेरिटोरियल इकाई में भी जल्द भर्ती की जाएगी, जिसमें सिर्फ द्वीपसमूह से प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया कि अगले कुछ महीनों में नौसेना का विमानवाहक आई.एन.एस विक्रमादित्य या आई.एन.एस विक्रांत द्वीपों के दौरे पर आ सकते हैं।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में नौ से लेकर उन्नीस अक्तूबर तक कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट कोर्ट लगेगी। इस दौरान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुव्रा घोष और न्यायमूर्ति शुभेन्दु सामन्त बैठक कर मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्यारी में पांच और छः अक्तूबर को आर्थिक सम्पन्नता और पारिस्थितिकी वहनीयता के लिए मसालों, खुशबूदार और चिकित्सीय पौधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। अंडमान विज्ञान एसोसिएशन और सुपारी तथा मसाला विकास निदेशालय केरल के सहयोग से हाईब्रिड मोड में इसका आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान बाईस राज्यों के लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा शोध पत्रों को भी पेश किया जाएगा।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान को खोजे गए नोवल एसारिसाइड कीटनाशक के लिए पेटेंट प्राप्त हो गया है। अब पशुओं को कीट रोग से बचाने के लिए इसे तैयार किया जा सकेगा। इस प्रकिया के तहत पशुओं में कीट रोग के इलाज के लिए हर्बल टॉपिकल फार्मूले के आधार पर एक तेल बनाया जा सकता है। रसायनों के दुष्प्रभाव से उलट यह फार्मूला मवेशियों और बकरियों में कीटनाश के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा, जो किफायती होने के साथ गर्भवती पशुओं पर भी उपयोग करने के लिए सुरक्षित है।

<><><><><><>

वन्य जीव सप्ताह प्रत्येक वर्ष दो से लेकर आठ अक्तूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी.एस अशोक कुमार ने आज वन सदन से साइकिल रैली को झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। इस रैली में साइकिल चालक, स्कूल–कॉलेज के बच्चों, विभाग कर्मियों और आम जनता ने हिस्सा लिया। रैली का उद्देश्य वन्य जीव संरक्षण के संदेश का प्रचार–प्रसार करना था। इस रैली का मुख्य आकर्षण एक झांकी रही, जिसमें द्वीपसमूह की स्थानिक पक्षियों की विविधता और पक्षी संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। झांकी ने उड़ने दो हमें पहल के तहत पक्षी संरक्षण के लिए बंदूक छोड़ो–कैमरा उठाओ का संदेश दिया। वन सदन में वन्य प्राणी सप्ताह का आधिकारिक शुरूआत की गई, जहां मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने उपस्थिति से वन्य प्राणी संरक्षण में अपनी भागीदारी देंने को कहा। सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित होंगी। इनमें पक्षी अवलोकन, निबंध लेखन, चित्रकारी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि शामिल है। कल एन.पी.सी.आई हैडो में वेस्ट टू बेस्ट गार्डन का उद्‌घाटन किया जाएगा और छः अक्तूबर को रेड स्किन आइलैंड में प्राकृतिक पथ का भी शुभारंभ होगा। सात अक्तूबर को टैगोर कॉलेज में आयोजित होने वाले विदाई कार्यक्रम में बंदूक सरेंडर करने का अभियान चलाया जाएगा।

**<><><><><><><>**

हटबे की नेताजी नगर ग्राम पंचायत में चुनाव और शहीद द्वीप की नील केन्द्र पंचायत में उप–चुनाव को देखते हुए मतदान तथा मतगणना के दिन पन्द्रह और सत्रह अक्तूबर को ड्राई डे घोषित किया गया है। इन दिनों में ग्राम पंचायत हटबे और नील केन्द्र में शराब बेचना या परोसना निषेध किया गया है। क्षेत्र के अनिडको, सी.एस.डी कैन्टीन, पुलिस मेस, रक्षा कैन्टीन तथा निजी बार पर भी यह आदेश लागू होगा। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आदेश जारी कर इस संबंध में सूचना दी है।

**<><><><><><><>**

अंडमान लोक निर्माण विभाग में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए फरवरी माह में लिखित परीक्षा आयोजित कराई गई थी। इस परीक्षा में हासिल अंकों के आधार पर अब चयनित उम्मीदवारों की अस्थाई सूची प्रशासन के पोर्टल पर जारी कर दी गई है। सभी चयनित उम्मीदवारों से दस्तावेजों की जांच के लिए सोलह से लेकर बीस अक्तूबर तक मुख्य अभियंता के कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। पदों के हिसाब से अलग–अलग तिथियों में दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर मे पचपन मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में बाईस, हटबे में सोलह दशमलव चार, लांग आइलैंड में चौदह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार दशमलव दो, ननकौड़ी में दो दशमलव छः और कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अगले दो तीन दिनों में द्वीपसमूह के एकाध भागों में गरज के साथ भारी वर्षा हो सकती है।

**<><><><><><><>**